भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3179

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम

3179. श्रीमती बाग मितालीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार के पास विगत ग्यारह वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में बाढ़ से संबंधित फसलों, भूमि और जान-माल के नुकसान का आंकड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि केंद्र सरकार द्वारा घाटल मास्टर प्लान के लिए दिसंबर, 2023 तक कोई धनराशि जारी नहीं की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) बाढ़ प्रबंधन एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अन्तर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक वर्ष-वार तथा राज्य-वार कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): बाढ़ के कारण राज्य में फसलों, भूमि और जानमाल के नुकसान का डेटा केंद्र सरकार के पास नहीं रखा जाता है। बाढ़ प्रबंधन और कटाव रोधी योजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपनी प्राथमिकता के अनुसार तैयार और कार्यान्वित की जाती हैं। केंद्र सरकार, राज्यों को तकनीकी मार्गदर्शन और संकटग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन के लिए प्रोत्साहन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करती है। घाटल मास्टर प्लान को बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) घटक में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि यह शामिल किए जाने के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, अर्थात्, 'केवल उन्हीं राज्यों की परियोजनाओं को शामिल किया जा सकता है जिन्होंने किसी कानून या उपयुक्त कार्यकारी आदेश के माध्यम से बाढ़ मैदान क्षेत्रीकरण (एफपीजेड) लागू किया हो'।

(ग): बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत जारी की गई धनराशि का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

"बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम" के संबंध में दिनांक 18.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 3179 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

(क) XIवीं योजना के बाद से एफएमबीएपी के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) घटक के अंतर्गत राज्य-वार स्वीकृत परियोजनाएं एवं जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य	XIवीं और XIIवीं योजनाओं के दौरान शामिल कुल परियोजनाएँ	अनुमानित लागत	जारी की गई धनराशि (XIवीं और XIIवीं परियोजना)	वर्ष 2017-26 के दौरान शामिल कुल परियोजनाएँ	अनुमानित लागत	XIवीं योजना के बाद से स्वीकृत कुल परियोजनाएं	अनुमानित लागत	स्थापना से लेकर मार्च 2025 तक जारी की गई कुल क्रेंद्रीय सहायता
1	अरुणाचल प्रदेश	21	224.69	169.6	2	170.52	23	395.21	213.28
2	असम	141	2383.11	813.75	1	125.21	142	2508.32	1582.54
3	बिहार	47	1818.05	907.82	2	288.07	49	2106.12	924.40
4	छत्तीसगढ	3	31.13	19.32			3	31.13	19.32
5	गोवा	2	22.73	11.98			2	22.73	11.98
6	गुजरात	2	19.79	2			2	19.79	2.00
7	हरियाणा	1	173.75	46.91			1	173.75	46.91
8	हिमाचल प्रदेश	7	1364.94	387.85	1	145.73	8	1510.67	862.74
9	जम्मू और कश्मीर	43	970.69	422.52	1	1623.4	44	2594.12	805.27
10	झारखंड	3	39.3	22.71			3	39.3	22.71
11	कर्नाटक	3	59.46	23.8			3	59.46	23.80
12	केरल	4	279.74	118.9			4	279.74	137.95
13	मणिपुर	22	109.34	90.7	1	460.43	23	569.77	380.71
14	मेघालय	0	0	3.81			0	0	3.81
15	मिजोरम	2	9.13	16.41			2	9.13	16.88
16	नागालैंड	17	123.87	83.13			17	123.87	94.84
17	ओडिशा	68	231.32	101.12			68	231.32	119.42
18	पुदुचेरी	1	139.67	7.5			1	139.67	7.50
19	पंजाब	5	153.4	40.43			5	153.4	40.43
20	सिक्किम	45	366.32	91.84			45	366.32	91.84
21	तमिलनाडु	5	635.54	59.82			5	635.54	59.82
22	त्रिपुरा	11	26.57	23.62			11	26.57	23.62
23	उत्तर प्रदेश	29	959.27	401.91			29	959.27	470.19
24	उत्तराखंड	22	835.54	203.61			22	835.54	246.59
25	पश्चिम बंगाल	18	2261.02	802.01			18	2261.02	1051.96
	कुल	**522**	**13238.4**	**4873.07**	**8**	**2813.4**	**530**	**16051.76**	**7260.51**

*****

(ख) एफएमबीएपी के XIवीं योजना के बाद से नदी प्रबंधन गतिविधियों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित कार्यों (आरएमबीए) घटक के अंतर्गत राज्य-वार स्वीकृत परियोजनाएं एवं जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड रुपए में)

क्र.सं	**राज्य**	**कुल XIवीं और XIIवीं योजना**	**मार्च 2025 तक जारी की गई कुल धनराशि (करोड़ रुपए में)**
1	बिहार	260.04	732.15
2	उत्तर प्रदेश	59.84	387.26
3	त्रिपुरा	41.054	41.05
4	पश्चिम बंगाल	164.49	237.93
5	जम्मू और कश्मीर	9.98	25.91
6	पंजाब	14.95	27.08
7	पुदुचेरी	13.26	13.26
8	उत्तराखंड		12.50
	कुल	**563.614**	**1477.15**

*****